श्री बंशीधर नगर शनिवार
04.07.2026
आषाढ़ कृष्णपक्ष पंचमी संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 311

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:10 बजे
अस्त - 06:48 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 33 डिग्री से.
न्यूनतम : 26 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...
डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com



10 लाभुकों को मिले लर्निंग लाइसेंस >> पेज 03
मूवी रिव्यू : दमदार एक्शन से भरपूर है 'अल्फा' >> पेज 05

## सुविचार

हम हमेशा असफलता को सफलता के विपरीत मानते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। सफलता अक्सर असफलता के ठीक दूसरी तरफ होती है।

## न्यूज अपडेट्स

### बदरीनाथ धाम में चढ़ावे में कथित हेराफेरी के वायरल आरोपों की होगी जांच

**देहरादून।** बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने सोशल मीडिया पर बदरीनाथ धाम में चढ़ावे और दान में कथित हेराफेरी से जुड़े वायरल आरोपों का संज्ञान लेते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने का निर्णय लिया है। समिति ने स्पष्ट किया है कि आरोप सही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर विभागीय एवं वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को जारी बयान में बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित आरोपों को समिति ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिस कर्मचारी को सोशल मीडिया पर उनका निजी सचिव बताया जा रहा है, वह उनका निजी सचिव नहीं है, बल्कि मंदिर समिति का नियमित सरकारी कर्मचारी है, जो पूर्व में भी समिति के तीन अध्यक्षों के साथ वैयक्तिक सहायक के रूप में कार्य कर चुका है। उन्होंने कहा कि जांच में यदि आरोप सत्य पाए जाते हैं तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी सोहन सिंह रांगड़ ने बताया कि दो जुलाई की शाम से वायरल हो रहे इस प्रकरण के संबंध में प्राप्त शिकायत के आधार पर बदरीनाथ मंदिर परिसर के सीसीटीवी फुटेज की जांच कराई गई।

**चंदा चोरी** ▶ कटियार के पीएम मोदी से बातचीत के दावे से सियासी हलचल तेज, बोले-


# चंपत राय जा सकते हैं जेल



### चंपत राय, अनिल मिश्रा व गोपाल राव से करीब चार घंटे तक पूछताछ







**लखनऊ :** अयोध्या स्थित राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी मामले पर भाजपा नेता और बजरंग दल के संस्थापक विनय कटियार ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह साफ है कि पैसे का गबन हुआ है। मैंने इस मामले पर पीएम मोदी से बात की। उन्होंने पूछा कि आगे क्या होगा? मैंने उनसे कहा कि सब ठीक हो जाएगा। हो सकता है कि आने वाले दिनों में चंपत राय, गोपाल राव और अनिल मिश्रा को जेल जाना पड़े।

### राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मतलब भगवान के घर में डकैती

विनय कटियार ने कहा कि यह केवल चढ़ावे की चोरी का मामला नहीं, बल्कि देश की धार्मिक संस्कृति और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर चोट है। राम मंदिर में पूजा-पाठ और भोग की जगह चोरी की घटनाएं सामने आना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इसे भगवान के घर में डकैती मानिए। इस घटना ने भगवान राम की प्रतिष्ठा को धूमिल किया है और देशभर में गलत संदेश गया है। उन्हें भरोसा है कि दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई होगी। उन्होंने एसआईटी जांच पर संतोष जताते हुए कहा कि जांच निष्पक्ष तरीके से आगे बढ़नी चाहिए, हालांकि उनका आरोप है कि कुछ लोगों को बचाने की कोशिश भी की जा रही है।

### कटियार ने ट्रस्ट की कार्यप्रणाली पर उठाया सवाल

उन्होंने ट्रस्ट की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि ट्रस्ट की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने पूछा कि गोपाल राव को जमीन खरीदने का अधिकार किसने दिया? दान की राशि श्रद्धालुओं की आस्था की अमानत है और उसकी सुरक्षा ट्रस्ट की जिम्मेदारी है। विनय कटियार ने कहा कि जो भी इस मामले में दोषी हैं, उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए और वे बाहर नहीं रहने चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि राम मंदिर ट्रस्ट का नए सिरे से पुनर्गठन किया जाए और उसमें ईमानदार एवं योग्य लोगों को जिम्मेदारी दी जाए।

### एसआईटी ने बैंक कर्मचारियों को किया तलब

बताते चलें कि चढ़ावा चोरी मामले की जांच तेज हो गई है। रब्ळ की टीम शुक्रवार सुबह गेस्ट हाउस से राम जन्मभूमि परिसर के लिए रवाना हुई। जांच के तहत आज भी परिसर में पूछताछ का दौर जारी रहेगा। रब्ळ ने मामले से जुड़े तथ्यों की पड़ताल के लिए बैंक कर्मचारियों को भी तलब किया है। बैंक कर्मचारियों से बंद कमरे में पूछताछ जारी है। टीम वित्तीय लेनदेन और अन्य दस्तावेजों से संबंधित पहलुओं की जांच कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की हर पहलू से गहन जांच की जा रही है।

### पूछताछ का दायरा और बढ़ेगा

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच के लिए बृहस्पतिवार को एसआईटी अयोध्या पहुंची थी। ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारियों चंपत राय, अनिल मिश्रा व गोपाल राव से करीब चार घंटे तक पूछताछ की। टीम ने चढ़ावे के ऑडिट से जुड़े दस्तावेज कब्जे में लिए और पदाधिकारियों से इससे जुड़े सवाल पूछे। सूत्रों के अनुसार पूछताछ में कई सवालों के संतोषजनक जवाब नहीं मिले जिससे आने वाले दिनों में पूछताछ का दायरा और बढ़ेगा। वहीं, पुलिस की आपराधिक जांच भी जारी है। इससे इन सभी पर अब पुलिस और एसआईटी का दोहरा शिकंजा कसेगा।

## राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना दुर्भाग्यपूर्ण, दोषियों को मिले कठोर दंड : संघ




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसके दोषियों को कठोर दंड दिए जाने की मांग की है। संघ ने मंदिर की व्यवस्था संभाल रहे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास को याद दिलाया कि हिंदू समाज की स्वाभाविक अपेक्षा है कि व्यवस्था एवं संचालन की कमियां दूर की जाएं।
संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने शुक्रवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि राम मंदिर के दान पात्रों से जमा राशि की चोरी दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे समूचे समाज और राम भक्तों की भावना एवं श्रद्धा आहत हुई है।
उन्होंने कहा कि संघ सहित संपूर्ण हिंदू समाज की न्यास से स्वाभाविक अपेक्षा है कि इस घोर निंदनीय घटना को असाधारण मान कर गंभीरता से लिया जाए और व्यवस्था एवं संचालन की सभी कमियों को दूर करने के लिए कदम उठाए जाएं। राम मंदिर पर करोड़ों रामभक्तों की आस्था एवं श्रद्धा अखंड एवं अटूट बनी रहनी चाहिए। वर्तमान की भ्रम और असमंजस की स्थिति समाप्त होनी चाहिए। होसबाले ने कहा, इस दृष्टि से हमारी अपेक्षा है कि सभी आवश्यक पहल मंदिर प्रबंधन और शासन द्वारा गठित विशेष जांच दल करेंगे।
उन्होंने विश्वास जताया कि वित्तीय प्रबंधन एवं सुचारू संचालन के लिए पारदर्शी व्यवस्था एवं शुद्धता और पवित्रता से परिपूर्ण धार्मिक वातावरण तैयार कर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास हिंदू समाज की आस्था एवं विश्वास को सुदृढ़ बनाए रखेगा।

### धैर्य का परिचय दे हिन्दू समाज

उन्होंने कहा कि संघ संपूर्ण हिंदू समाज से भी आह्वान करता है कि इस कठिन क्षण में वह आवश्यक धैर्य और संयम का परिचय दे। साथ ही इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का लाभ उठाकर हिंदू विरोधी, राष्ट्र विरोधी शक्तियों के हिंदू धर्म एवं समाज को बदनाम करने के षड्यंत्रों को विफल करें।
सरकार्यवाह होसबाले ने कहा कि राम जन्मभूमि पर निर्मित भव्य मंदिर पीढ़ियों के संघर्ष और करोड़ों रामभक्तों के समर्पण, त्याग एवं बलिदान के कारण संपूर्ण हिंदू समाज के लिए श्रद्धा, आस्था और भक्ति का केंद्र बना है। न्यास के निवेदन पर उत्तर प्रदेश सरकार ने विशेष जांच दल का गठन कर उसकी अनुशंसा पर कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ की है। जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन्हें कठोर दंड हो, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है।

**डॉ. हेडगेवार : आधुनिक युग के शालिवाहन विषयक कार्यक्रम में संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा**

# संघ सेंट्रली या रिमोट से कुछ भी संचालित नहीं करता



**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि समाज में विभिन्न क्षेत्रों में संघ के स्वयंसेवक कार्य करते हैं। नतीजतन लोगों को लगता है कि सबकुछ संघ द्वारा सेंट्रली या रिमोट से संचालित होता है, लेकिन यह गलत धारणा है। संघ ऐसा कुछ नहीं करता। संघ का कार्य केवल संगठन चलाना नहीं बल्कि ऐसे व्यक्तित्वों का निर्माण करना है, जो अपने आचरण से समाज का मार्गदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक का पहला गुण केवल सक्रिय कार्यकर्ता बनना नहीं बल्कि संघ के विचारों के अनुरूप जीवन जीना है। नागपुर के साइंटिफिक सभागार में डॉ. हेडगेवार : आधुनिक युग के शालिवाहन विषय पर आयोजित कार्यक्रम में संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि कार्य का स्वरूप समय के साथ बदल सकता है, लेकिन उसका मूल तत्व कभी नहीं बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिद्धांत केवल पुस्तकों में पढ़ने या भाषणों में सुनने की चीज नहीं हैं बल्कि उन्हें अपने जीवन में उतारना ही वास्तविक साधना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाज में स्वयंसेवकों की भागीदारी से चलने वाली सभी गतिविधियों का संचालन संघ केंद्रीय रूप से नहीं करता। संघ का उद्देश्य समाज की आवश्यकता के अनुरूप चरित्रवान और संस्कारित व्यक्तियों का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि संघ की शाखाएं विचारों की प्रयोगशाला हैं, जहां ऐसे व्यक्तित्व तैयार होते हैं जिनका प्रभाव उनके परिवार और समाज में दिखाई देता है।
डॉ. भागवत ने कहा कि स्वयंसेवक का जीवन पूर्णता की साधना है और यह साधना जीवनभर चलती है। उन्होंने कहा कि यदि भारत को विश्व का मार्गदर्शक बनना है, तो भारतीयों और उनके परिवारों को ऐसा जीवन जीना होगा, जिससे दुनिया स्वयं प्रेरणा ले सके। उन्होंने बताया कि डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने भी अपने पूरे जीवन में निरंतर आत्मसाधना की और अपने आचरण से आदर्श प्रस्तुत किया।
सरसंघचालक ने कहा कि डॉ. हेडगेवार के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता उनका पूर्ण समर्पण था। उन्होंने तन, मन और धन के साथ-साथ अपने स्वभाव तक का त्याग किया। डॉ. भागवत ने कहा कि अपने स्वभाव और अहंकार का त्याग करना सबसे कठिन होता है। उन्होंने आगाह किया कि समर्पण के मार्ग पर आगे बढ़ते समय 'मैं समर्पित हूं' का अहंकार भी नहीं आना चाहिए।
उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता से पहले और उसके बाद भी देश में पश्चिमी जीवन शैली का अनुकरण करने की प्रवृत्ति रही, लेकिन डॉ. हेडगेवार ने अपने जीवन से भारतीय जीवन मूल्यों का आदर्श प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि दुनिया को जिस प्रकार का जीवन देना है, उसे पहले स्वयं अपनाना आवश्यक है।
डॉ. भागवत ने कहा कि आज देश-विदेश के अनेक लोग अपने युवाओं के प्रशिक्षण के लिए संघ से प्रेरणा लेने की इच्छा व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज परिवर्तन का कार्य निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। कोई तेज गति से आगे बढ़ता है तो कोई धीरे-धीरे, लेकिन सभी का लक्ष्य धर्म, संस्कृति और राष्ट्र जीवन की रक्षा होना चाहिए।

# वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने लौटाई सरकारी सुरक्षा, कारकेड की गाड़ियां भी वापस कीं




राधाकृष्ण किशोर
मंत्री
वित्त, योजना एवं विकास,
वाणिज्य-कर तथा संसदीय कार्य विभाग
झारखण्ड सरकार

(राधाकृष्ण किशोर)

**रांची।** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अपनी सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मियों को वापस कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने सुरक्षा कारकेड में शामिल तीन बोलेरो वाहन भी संबंधित विभाग को लौटा दिए हैं। फिलहाल वह बिना सुरक्षा गार्ड के ही आवागमन कर रहे हैं।
पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, वित्त मंत्री की सुरक्षा में 16 कमांडो और स्पेशल ब्रांच के तीन पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। सुरक्षा कर्मियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था में उपयोग होने वाला वाहन भी उन्होंने वित्त विभाग को वापस कर दिया है।
इस संबंध में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को भी औपचारिक रूप से सूचित कर दिया गया है। हालांकि, डीजीपी के अगले आदेश तक सुरक्षा कर्मी मंत्री के सरकारी आवास पर तैनात रहेंगे, लेकिन मंत्री ने उन्हें अपने साथ चलने से मना कर दिया है। ऐसे में फिलहाल वह बिना किसी सुरक्षा घेरे के ही यात्रा कर रहे हैं।
सूत्रों के अनुसार, पूरे घटनाक्रम की शुरूआत 29 जून को डीजीपी तदाशा मिश्रा को लिखे गए एक पत्र से हुई। मंत्री ने पत्र में सुरक्षा कर्मियों के साथ चलने के लिए एक अतिरिक्त वाहन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। बताया जा रहा है कि तीन दिनों तक इस संबंध में कोई जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए अपनी सुरक्षा वापस करने का निर्णय ले लिया।
मंत्री के इस कदम को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में विभिन्न तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि, इस संबंध में सरकार या पुलिस मुख्यालय की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## न्यूज अपडेट्स

### नाबालिग के पास से बरामद किए देशी कट्टा और कारतूस

**रांची।** राजधानी रांची के पुरुलिया रोड स्थित एक घर में पति-पत्नी के बीच विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एक नाबालिग के पास से अवैध हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपित नाबालिग को निरुद्ध कर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।
नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) पारस राणा ने शुक्रवार को बताया कि दो जुलाई की शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि पुरुलिया रोड स्थित एक परिवार में पति-पत्नी के बीच विवाद और हंगामा हो रहा है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने के साथ मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को घटनास्थल पर मौजूद एक नाबालिग की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। इसके बाद उसकी तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस तथा एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद हथियार, कारतूस और मोबाइल फोन को विधिवत जब्त कर लिया तथा नाबालिग को निरुद्ध कर लिया। प्रारंभिक जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हथियार उसके पास कैसे पहुंचा और उसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था। सिटी एसपी ने बताया कि पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है।

**मानसून** ▶ **झारखंड में मानसून अब तक कमजोर**

# 3 जुलाई तक सामान्य से 46 प्रतिशत कम बारिश

### 4 जुलाई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी



**रांची।** झारखंड में दक्षिण-पश्चिम मानसून इस बार अपेक्षित रफ्तार नहीं पकड़ पाया है। राज्य में 1 जून से 3 जुलाई तक सामान्य से 46 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है, जिससे कई जिलों में खेती-किसानी और जल संसाधनों को लेकर चिंता बढ़ने लगी है। हालांकि मौसम विभाग ने आगामी दिनों में बारिश की गतिविधियां तेज होने की संभावना जताते हुए कई जिलों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है।
मौसम विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार राज्य में अब तक सबसे कम बारिश साहिबगंज जिले में हुई है, जबकि दुमका वर्षा के मामले में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाला जिला रहा है। साहिबगंज जिले में 1 जून से 3 जुलाई के बीच केवल 3.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य से 99 प्रतिशत कम है। इसके विपरीत दुमका में 207.8 मिलीमीटर बारिश हुई, जो सामान्य से केवल 8 प्रतिशत कम है। इसके अलावा रांची, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम और जामताड़ा जैसे जिलों में भी अपेक्षाकृत बेहतर वर्षा रिकॉर्ड की गई है। वहीं बोकारो, गढ़वा, पलामू, हजारीबाग, पूर्वी सिंहभूम, कोडरमा और चतरा उन जिलों में शामिल हैं, जहां सामान्य से काफी कम वर्षा हुई है।
मौसम विभाग ने 4 जुलाई को राज्य के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश होने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। इसे देखते हुए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।
विभाग के अनुसार, 7 जुलाई तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में गरज के साथ वर्षा और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना बनी रहेगी। साथ ही दक्षिणी और दक्षिण-पश्चिमी जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने का भी अनुमान है। इसको लेकर संबंधित क्षेत्रों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों, खेतों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने तथा बिजली गिरने की आशंका के समय आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है।
राजधानी रांची की बात करें, तो शुक्रवार सुबह मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद अचानक बादल छा गए और कई इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को गर्मी एवं उमस से काफी राहत मिली। लगातार कई दिनों की उमस के बाद हुई इस बारिश से शहर का मौसम सुहावना हो गया, हालांकि कुछ क्षेत्रों में जलभराव और यातायात प्रभावित होने की भी सूचना मिली। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस बोकारो में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस लातेहार में रिकॉर्ड किया गया।
मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को रांची का अधिकतम तापमान 31 डिग्री तथा न्यूनतम 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 33 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 29.8 डिग्री और न्यूनतम 24.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 34.1 डिग्री तथा न्यूनतम 26.1 डिग्री सेल्सियस, जबकि चाईबासा में अधिकतम 33.8 डिग्री और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## रिम्स में अत्याधुनिक क्षेत्रीय नेत्र संस्थान का मंत्री ने किया उद्घाटन



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि कोई भी डॉक्टर कभी नहीं चाहता कि किसी मरीज की मौत हो। हर चिकित्सक पूरी निष्ठा और क्षमता के साथ मरीज की जान बचाने का प्रयास करता है। ऐसे में समाज और मीडिया, डॉक्टरों का मनोबल बढ़ाने और स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए।
मंत्री इरफान अंसारी बतौर मुख्य अतिथि शुक्रवार को रिम्स, रांची स्थित अत्याधुनिक क्षेत्रीय नेत्र संस्थान का उद्घाटन करते हुए बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह संस्थान झारखंड के लोगों को आधुनिक नेत्र चिकित्सा उपलब्ध कराने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। अब मोतियाबिंद, रेटिना, कॉर्निया, ग्लूकोमा सहित आंखों से जुड़ी जटिल बीमारियों का उपचार राज्य में ही उपलब्ध होगा, जिससे मरीजों को दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में रिम्स-2 परियोजना का रास्ता साफ हो गया है और अगले तीन वर्षों में इसके पूरा होने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में विधायक सुरेश कुमार बैठा, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, क्षेत्रीय नेत्र संस्थान के विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ) सुनील कुमार, रिम्स के वरिष्ठ चिकित्सक, विशेषज्ञ डॉक्टर और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पदाधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### मेकॉन को हिंदी के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए नराकास का तृतीय पुरस्कार



**रांची।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), रांची की ओर से सीएमपीडीआई मुख्यालय में आयोजित बैठक सह पुरस्कार वितरण समारोह में मेकॉन लिमिटेड को राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए वर्ष 2025-26 का नराकास तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान कार्यालयी कार्यों में हिंदी के बढ़ते उपयोग और राजभाषा नीति के प्रभावी अनुपालन के लिए दिया गया। यह जानकारी मेकॉन की सिमतिनती साहू ने शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी। उन्होंने बताया कि समारोह में सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी-सीआरडी) नृपेंद्र नाथ और गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग, पूर्वी क्षेत्र (कोलकाता) के उप निदेशक (कार्यान्वयन) डॉ विचित्रसेन गुप्त ने मेकॉन के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। मेकॉन की ओर से महाप्रबंधक (लौह निर्माण) और प्रभारी राजभाषा विश्वजीत कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक आनंद भारद्वाज एवं राजभाषा टीम के सदस्यों ने प्रमाणपत्र प्राप्त किया। बैठक में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन, कार्यालयी कार्यों में हिंदी के उपयोग को बढ़ाने तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान मेकॉन लिमिटेड की ओर से आयोजित स्मरण शक्ति प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने सरकारी कार्यालयों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को सुशासन और प्रभावी प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। कार्यक्रम में रांची स्थित विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यालय प्रमुख, राजभाषा कार्य से जुड़े अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सीसीएल को प्रथम पुरस्कार



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), रांची की वार्षिक पुरस्कार योजना 2025-26 के अंतर्गत राजभाषा हिन्दी के प्रभावी कार्यान्वयन और राजभाषा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के उत्कृष्ट एवं सफल संचालन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में सीसीएल की अग्रणी भूमिका और राजभाषा नीति के प्रभावी एवं सतत क्रियान्वयन के प्रति उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पुरस्कार सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टिट्यूट (सीएमपीडीआई), रांची में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) नृपेन्द्र नाथ की ओर से सीसीएल के महाप्रबंधक (राजभाषा) अशोक कुमार ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर गृह मंत्रालय के पूर्वी क्षेत्र के उप-निदेशक (राजभाषा) विचित्रसेन गुप्त पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में सीसीएल की ओर से किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की। समारोह में सीसीएल के उप-प्रबंधक (राजभाषा) डॉ दिविक दिवेश भी उपस्थित थे। सीसीएल की यह उपलब्धि सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व और निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है।

**'जलवायु अनुकूल प्रौद्योगिकियों के माध्यम से कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों पर जलवायु के प्रभावों का प्रबंधन' विषय पर कुलपति ने कहा**

# जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने की तकनीकों का करें प्रसार






**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के प्रसार शिक्षा निदेशालय के तत्वावधान में 'जलवायु अनुकूल प्रौद्योगिकियों के माध्यम से कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों पर जलवायु के प्रभावों का प्रबंधन' विषय पर राज्य के सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए बीएयू के कुलपति, डॉ एससी दुबे ने कहा कि झारखंड की 80 प्रतिशत खेती वर्षा आधारित है। वर्तमान परिस्थिति में मौसम के विभिन्न कारकों वर्षा की प्रवृत्ति, तापमान, हवा की गति, दिशा, हवा का दबाव, सूर्य प्रकाश की तीव्रता में परिवर्तन हो रहा है। ऐसी परिस्थिति में कृषि वैज्ञानिकों को इसके तत्काल प्रभाव के प्रबंधन से सम्बन्धित तकनीकों का प्रसार करना चाहिए। कुलपति ने इस वर्ष अलनीनो के प्रभाव से फसलों को होने वाले संभावित नुकसान से निबटने की रणनीतियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों को कृषि कार्य में जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के लिए उचित प्रभेद, फसल विविधिकरण, बोआई-रोपाई के समय में परिवर्तन की परखी हुई तकनीकों का प्रसार करना चाहिए। प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ डीके शाही ने कहा कि किसानों को सूखा, बाढ़, ऊष्मा तथा भूमि अम्लीयता सहन करने वाली उन्नत फसल किस्मों से अवगत कराना होगा और जल संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग पर जोर देना होगा।
डॉ शाही ने वैज्ञानिकों को निर्देश दिया कि पूरे राज्य के कृषि विज्ञान केन्द्रों में 07 जुलाई को मौसम में हो रहे बदलाव के वैज्ञानिक समाधान विषय पर किसानों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जाय जिससे जलवायु परिवर्तन की समस्या का समाधान वैज्ञानिक तरीकों से हो सके। वहीं तकनीकी सत्र में आनुवंशिकी और पौधा प्रजनन विभाग की अध्यक्ष डॉ मणिगोपा चक्रवर्ती और आईसीएआर शोध संस्थान, पलाण्डु के प्रधान वैज्ञानिक डॉ बालकृष्ण झा ने भी अपने विचार रखे।




# भाकपा माले ने 15 सूत्री मांगों को लेकर सगमा प्रखंड कार्यालय परिसर में किया धरना प्रदर्शन

बंशीधर न्यूज

**सगमा :** 15 सूत्री मांगों को लेकर भाकपा माले के तत्वावधान में शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुये जिला कमेटी सदस्य कामेश्वर विश्वकर्मा ने कहा की सगमा प्रखंड जिले का सबसे पिछड़ा प्रखंड क्षेत्र है। यहां बड़े पैमाने पर गरीबों के जमीन की लुट हुई है। सरकारी मद के राशि का बन्दर बांट हो रहा है जिसे देखने वाला कोई नहीं है। चारों तरफ लुट ही लुट मचा हुआ है। उन्होंने कहा की गरीबों के हक को विचौलिया मार रहे हैं। धरना प्रदर्शन के बाद महामहिम राज्यपाल के नाम 15 सूत्री मांग पत्र बीडीओ को सौंपा गया। मांग पत्र में सामंतवादी व कारपोरेट के जरिये रोक लगाई जाय, सगमा पुतूर दुसैया में लुटी गई जमीन को वापस कराया जाय, अबुआ आवास व कुप निमार्ण में हो रही लुट पे रोक लगाई जाय, मनरेगा योजना में 200 दिन की रोजगार व 600 रुपये मजदुरी का भुगतान किया जाय सहित 15 सूत्री मांग पत्र शामिल हैं। मौके पर दिलीप गुप्ता, कर्मदेव सिंह, रामचंद्र उरांव, सुनेश्वर यादव, गजन बैठा, नथु राम, सुरेश राम समेत कई लोगों के नाम शामिल हैं। इसके पूर्व नेताओं ने सगमा सेंट्रल बैंक से लेकर प्रखंड कार्यालय तक पैदल मार्च किया।

न्यूज अपडेट्स

## धारदार हथियार से दंपति पर हमला, बच्चे की मौत

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के बिंदु बीघा गांव में चितरंजन पासवान नामक युवक ने गुरुवार रात मामूली विवाद में धारदार हथियार से एक दंपति पर हमला कर दिया। इस हमले में आठ माह के बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की माता 28 वर्षीय रूपा देवी व पिता 30 वर्षीय दीपक पासवान गंभीर रूप से घायल है। ग्रामीणों ने सभी को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने 8 माह के बच्चे को मृत घोषित कर दिया। घायल माता-पिता को प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। सूचना मिलने के तत्काल बाद पुलिस घटना स्थल पहुंच कर आरोपित युवक चितरंजन पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी तंजीलुल मनान ने शुक्रवार को बताया कि मामूली विवाद के बाद चितरंजन पासवान ने धारदार हथियार से उपरोक्त दंपत्ति पर हमला कर दिया, जिसमें 8 माह के बच्चे की मौत हो गई,जबकि दंपत्ति गंभीर रूप से घायल है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राकेश रंजन ने बताया कि दीपक पासवान की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

गढ़वा

### जिला सलाहकार समिति की बैठक में डीसी ने कहा

# लाईसेंस नवीनीकरण के बिना नहीं चलेंगे अल्ट्रासाउंड

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** समाहरणालय के सभागार में डीसी-सह-जिला समुचित प्राधिकारी (पीसी एंड पीएनडीटी) पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, जिले के अल्ट्रासाउंड केंद्रों की स्थिति, लिंग जांच पर रोक तथा स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। डीसी ने जिले में बिना लाईसेंस संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों एवं क्लीनिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश देते हुये कहा कि किसी भी अवैध केंद्र का संचालन किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने नये अल्ट्रासाउंड केंद्रों के लाईसेंस के लिये प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुये कहा कि सभी आवश्यक दस्तावेज एवं पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम की निर्धारित पात्रता पूरी होने के बाद ही लाईसेंस जारी किया जाय। बैठक में बताया गया कि जिन अल्ट्रासाउंड केंद्रों का लाईसेंस समाप्त हो चुका है, उन्हें तत्काल नवीनीकरण के लिये आवेदन करना होगा। न्यू एडवांस डायग्नोस्टिक सेंटर, एमजीएम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, गढ़वा नर्सिंग होम तथा हेल्थमैप डायग्नोस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड (मणिपाल यूनिट, सदर अस्पताल) की ओर से लाईसेंस नवीनीकरण के आवेदन प्राप्त हुये हैं। डीसी ने बिना लाईसेंस नवीनीकरण के किसी भी केंद्र का संचालन नहीं होने देने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन डॉ जॉन एफ कैनेडी ने बताया कि नये नियमों के अनुसार प्रत्येक अल्ट्रासाउंड केंद्र के बाहर चिकित्सक का नाम, फोटो एवं मोबाईल नंबर प्रदर्शित करना तथा यहां लिंग परीक्षण नहीं होता है का बोर्ड लगाना अनिवार्य है। डीसी ने सभी केंद्रों में इन नियमों का तत्काल पालन सुनिश्चित करने तथा औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया। नियमों का उल्लंघन करने वाले केंद्रों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया।

### 37 क्लीनिक एवं अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर हुई कार्रवाई

बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक 37 क्लीनिक एवं अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कार्रवाई की जा चुकी है। इनमें सात पर जुमार्ना, दो पर प्राथमिकी, 10 केंद्र सील, 12 पर प्राथमिकी के साथ सील तथा छह से स्पष्टीकरण मांगा गया है। मुखबिर/डिकॉय योजना की समीक्षा करते हुये डीसी ने इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। योजना के तहत अवैध लिंग जांच की सूचना देने वाले मुखबिर और गर्भवती महिला को 40-40 हजार रुपये तथा सहयोगी को 20 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। बैठक में सदर अस्पताल के खराब अल्ट्रासाउंड मशीन के स्थान पर मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन एवं रख-रखाव योजना से नया अपग्रेडेड अल्ट्रासाउंड मशीन खरीदने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा एचएमआईएस पोर्टल, एएनसी पंजीकरण, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, परिवार नियोजन, चिकित्सकों की उपस्थिति एवं एम्बुलेंस व्यवस्था सहित स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ माहेरु यमानी, डीडीएम सुजीत कुमार मुंडा, डीपीएम गौरव कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# 30 साल पुरानी जमीन की रसीद 24 घंटे में हुई ऑनलाइन

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पलामू जिला प्रशासन के जन समाधान कार्यक्रम ने एक बार फिर त्वरित कार्रवाई का उदाहरण पेश किया है। कार्यक्रम में मिली एक शिकायत पर प्रशासन ने 30 वर्षों से लंबित जमीन की ऑनलाइन रसीद मात्र 24 घंटे के भीतर जारी कर दी, जिससे आवेदिका को बड़ी राहत मिली। समाहरणालय में एक जुलाई को आयोजित जन समाधान कार्यक्रम में कुंड मोहल्ला निवासी पूजा कुमारी ने डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत से अपनी समस्या साझा की। उन्होंने बताया कि उनकी जमीन की अंतिम ऑफलाइन रसीद वर्ष 1996 में कटी थी, लेकिन इसके बाद ऑनलाइन रसीद जारी नहीं होने से उन्हें ओबीसी प्रमाण पत्र बनवाने, नगर निगम से पेयजल कनेक्शन लेने और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में लगातार परेशानी हो रही थी। कई बार आवेदन देने के बावजूद समाधान नहीं हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसी ने तत्काल एसी कुंदन कुमार को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। प्रशासन की त्वरित पहल से महज 24 घंटे के भीतर जमीन की ऑनलाइन रसीद जारी कर दी गई। वर्षों पुरानी समस्या के समाधान पर पूजा कुमारी ने जिला प्रशासन और डीसी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## नए डीएसई सुभाष अनुराग एक्का ने पदभार संभाला



**मेदिनीनगर :** पलामू के नए डीएसई सुभाष अनुराग एक्का ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने डीईओ संदीप कुमार से विधिवत प्रभार लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद एक्का ने कहा कि कि जिले के विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। सरकार की शिक्षा संबंधी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सभी शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में पढ़ाई का सकारात्मक माहौल बनने पर ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। इसलिए प्रत्येक शिक्षक को अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नए डीएसई का स्वागत किया तथा डीईओ संदीप कुमार को सम्मानित किया। मौके पर शशिकांत पांडेय, रवि रंजन पाठक, शीतल कुमार, बलराम कुमार, मीरा कुमारी, विनय कुमार तिवारी सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## शिक्षकों की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान, पढ़ाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : आरडीडीई



**मेदिनीनगर :** पलामू प्रमंडल के आरडीडीई संदीप कुमार ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा, लेकिन विद्यार्थियों की पढ़ाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। पदभार ग्रहण के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षकों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान संदीप कुमार ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी तथा बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जाएगा, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उन्होंने शिक्षकों से पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की। साथ ही भरोसा दिलाया कि विभागीय और प्रशासनिक समस्याओं के समाधान के लिए उनका कार्यालय हमेशा शिक्षकों के लिए उपलब्ध रहेगा। इस अवसर पर एरिया अफसर्बसाकेत तिवारी, प्रधान लिपिक राजीव रंजन पांडेय, नीरज सिन्हा, राहुल त्रिपाठी, रंजीत सिंह, प्रभात पाठक, राजबल्लभ कुमार सहित शिक्षा विभाग के कई अधिकारी, कर्मचारी एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## आपसी विवाद से बंद हुआ पानी निकास, 120 फीट ह्यूम पाईप बिछाकर निकला स्थायी समाधान



**उंटारी रोड :** प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयपुरा गांव के बांधपर टोला में आपसी विवाद के कारण बारिश के पानी का निकास बंद कर दिये जाने से रास्ते पर जलजमाव हो गया था। इससे दर्जनों परिवारों को गंदे पानी से होकर आवागमन करना पड़ रहा था और लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही थी। ग्रामीणों ने मामले के समाधान के लिये सीओ एवं थाना प्रभारी को आवेदनदेकर हस्तक्षेप की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुये पंचायत के मुखिया रामवचन राम व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच वार्ताकर सर्वसम्मति से स्थायी समाधान निकाला गया। आपसी सहयोग से रास्ते के नीचे 120 फीट लंबा ह्यूम पाईप बिछाकर बारिश के पानी की निकासी की व्यवस्था की गई। इसके बाद सड़क पर जमा पानी निकल गया और लोगों को राहत मिली। इसके साथ ही लंबे समय से चला आ रहा आपसी विवाद भी समाप्त हो गया।

### अष्टभुजा दुर्गा मंदिर को पर्यटन स्थल बनाने की पहल तेज

# मंदिर परिसर का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने का निर्देश

बंशीधर न्यूज



**भवनाथपुर :** प्रखंड के सेल टाउनशिप स्थित ऐतिहासिक अष्टभुजा दुर्गा मंदिर परिसर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रशासनिक पहल तेज हो गई है। जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा की पहल पर जिला पर्यटन विभाग ने मंदिर परिसर का स्थल निरीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने गत 27 मार्च को जिला पर्यटन कार्यालय में आवेदन देकर अष्टभुजा दुर्गा मंदिर परिसर को अधिसूचित पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग की थी। इसके आलोक में जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी ने 16 अप्रैल को भवनाथपुर के बीडीओ को पत्र भेजकर मंदिर परिसर का निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा है। पत्र में मंदिर परिसर की वर्तमान स्थिति, पहुंच मार्ग, सड़क संपर्क, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व, पर्यटन की संभावनाएं, आगंतुकों की संभावित संख्या तथा फोटोग्राफ सहित तथ्यात्मक प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया गया है। इसी रिपोर्ट के आधार पर यह तय किया जायेगा कि मंदिर परिसर पर्यटन विभाग के मानकों पर खरा उतरता है या नहीं। जिला परिषद सदस्य ने कहा कि अष्टभुजा दुर्गा मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान भी है। उन्होंने कहा कि यदि इसे पर्यटन स्थल का दर्जा मिलता है तो मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण होगा, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा, श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी तथा स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुये उम्मीद जताई है कि वर्षों से उपेक्षित मंदिर परिसर का अब विकास होगा और यह क्षेत्र धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बनायेगा।

# दिलीप गिरी बने विश्व हिन्दू परिषद मेदिनीनगर के नगर मंत्री




बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** विहिप की जिला समिति की बैठक में संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में दिलीप गिरी को विहिप मेदिनीनगर का नगर मंत्री नियुक्त किया गया। वहीं, विकास तिवारी को नगर बजरंग दल संयोजक तथा पंकज तिवारी को नगर सुरक्षा प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान 11 जुलाई को विहिप के केंद्रीय सह मंत्री अंबरीष जी के मेदिनीनगर आगमन और गणमान्य नागरिकों के साथ प्रस्तावित संवाद कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रांत सेवा टोली सदस्य सह पलामू जिलापालक दामोदर मिश्र ने बताया कि 12 जुलाई को पलामू विभाग की चिंतन बैठक भी आयोजित होगी, जिसमें तीनों जिलों के पदाधिकारी भाग लेंगे। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मौके पर विभाग मंत्री महेंद्र नाथ, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, संगठन मंत्री संतोष प्रसाद यादव, संपर्क प्रमुख पंकज जायसवाल, समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, रवि तिवारी, देवराज शर्मा, कार्तिक सिंह और सुधीर तिवारी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष लाला प्रसाद यादव ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री अमित तिवारी ने किया।

## न्यूज अपडेट्स

### चार दिनों से अंधेरे में डूबा आठ आदिवासी बहुल गांव

**नावा बाजार :** प्रखंड के आठ आदिवासी बहुल गांव पिछले चार दिनों से बिजली संकट से जूझ रहे हैं। पावर ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी के कारण विद्युत आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार अंधेरा रहने से लोगों में बिजली विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पहाड़ी उत्थान समिति के अध्यक्ष कन्हाई सिंह खरवार ने बताया कि विभागीय लापरवाही के कारण कोरटा, महुगाई, आरापुर, तुलबुला, तमदागा, हताई, बन्दुआ और टाटीपत्थर गांवों में पिछले चार दिनों से बिजली आपूर्ति बंद है। उन्होंने आरोप लगाया कि समस्या को लेकर विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई भी अधिकारी संतोषजनक जानकारी देने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि ये सभी गांव जंगलों से घिरे हुवे हैं। बरसात के मौसम में रात के समय अंधेरा रहने से जंगली जानवरों और अन्य अप्रिय घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। बिजली नहीं रहने से बच्चों की पढ़ाई, पेयजल की व्यवस्था और दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। इस संबंध में बिजली विभाग के जेई ने बताया कि पावर ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने के कारण आपूर्ति बाधित हुई है। उन्होंने कहा कि खराबी को दूर करने का कार्य जारी है और जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

**अध्यात्म** 15 से 23 जुलाई तक श्री बंशीधर नगर में होगा भव्य श्रीरामकथा

# विधायक अनंत बने मुख्य संरक्षक

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर 15 से 23 जुलाई तक यहां प्लस टू हाईस्कूल के प्रांगण में श्रीरामकथा का आयोजन किया जायेगा। कथा 3 बजे से संध्या 7 बजे तक होगा। इसे लेकर धुरकी मोड़ स्थित गुलाब हॉस्पिटल परिसर में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से श्रीरामकथा के सफल एवं भव्य आयोजन के लिये आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें विधायक अनंत प्रताप देव को समिति का मुख्य संरक्षक बनाया गया। जबकि युवा समाजसेवी दीपक प्रताप देव, कामता प्रसाद, रामप्रसाद, रवि प्रकाश, वीरेन्द्र प्रसाद चौबे, धीरेन्द्र कुमार चौबे, शंभू सौदागर, डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, अजय गुप्ता एवं सूर्यदेव मेहता को संरक्षक बनाया गया है। वहीं रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू को आयोजन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। कमलेश मेहता, चुनमुन कुमार एवं ऋतुराज जायसवाल को उपाध्यक्ष, मनोज कुमार को उर्फ मंटू को सचिव, अभय कुमार मिंटू को कोषाध्यक्ष, वैभव कुमार सिंह को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। वहीं डॉ संतोष कुमार, कामेश्वर प्रसाद, अशोक जायसवाल, प्रताप जायसवाल, वीरेंद्र प्रसाद अग्रहरि, नीरज जायसवाल, अजय प्रसाद मुखिया जी, बबलू जायसवाल, उदय जायसवाल बीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी, राकेश विश्वकर्मा एवं मिठू जायसवाल को समिति का सदस्य बनाया गया है। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने श्रीरामकथा को सफल बनाने का संकल्प लिया। साथ ही अधिक से अधिक श्रद्धालुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं सहयोग करने की अपील की गई।

## आवारा कुत्तों का आतंक चरम पर, पागल कुत्ते ने डेढ़ दर्जन लोगों को काटकर किया जख्मी

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** शहर में इनदिनों आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। गुरुवार एवं शुक्रवार को शहर के चेचरिया में पागल कुत्ते ने अचानक डेढ़ दर्जन लोगों पर हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया है। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों में भय का माहौल कायम हो गया है। कुत्ते के हमले में घायल सभी लोगों को आनन-फानन में इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। सभी घायलों को एंटी-रेबीज इंजेक्शन समेत आवश्यक दवाएं दी गईं। घायलों में अजमेर अंसारी (28), रंजीत पासवान (32), आर्यन कुमार (10), उपेंद्र कुमार पाल (30), अमित कुमार (31), आशीष कुमार, कृष्ण कुमार, अविनाश कुमार (5), रितेश कुमार (20), दानिश राजा (5), रशीद आलम (3), धीरज कुमार (24), नवीजान अली, ऋषि कुमार (21), ईश्वर यादव (68) एवं आशीष गुप्ता सहित कई अन्य लोगों के नाम शामिल हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों ने प्रशासन से जल्द ही कार्रवाई कर आवारा कुत्तों पर नियंत्रण लगाने की मांग की है। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## खो-खो प्रतियोगिता के लिए पलामू की जूनियर टीम खूंटी रवाना



**मेदिनीनगर :** पलामू की जूनियर बालक खो-खो टीम शुक्रवार को खूंटी में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुई। टीम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के चयनित खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि खिलाड़ियों का चयन उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। इसके लिए 23 जून को बारालोटा स्थित जिला एथलेटिक्स स्टेडियम में जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। चयनित खिलाड़ियों को एक सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण शिविर भी दिया गया। टीम का नेतृत्व कार्यकारी सचिव सह कोच निरंजन कुमार तथा टीम मैनेजर रमन सिंह कर रहे हैं। डालटनगंज रेलवे स्टेशन से टीम को रवाना करते समय पलामू जिला ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे, एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा, सचिव संजय कुमार त्रिपाठी सहित खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

## लूटी गई बाइक व मोबाइल के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार



**मेदिनीनगर :** रामगढ़ थाने की पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से लूटी गई स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त बाइक, खिलौना जैसा पिस्टल सहित कई सामान बरामद किए हैं। रामगढ़ थाना प्रभारी ओमप्रकाश साह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में बाघी निवासी अक्षय कुमार रजक, चंदन कुमार और अंकुर कुमार शामिल हैं। इनके पास से लूटी गई स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल, पीड़ित का मोबाइल, घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक, चार मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल का नंबर प्लेट, लुकिंग ग्लास, प्लास, स्क्रू ड्राइवर और दो रिंच बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 23 जून को बेनीडीह टोला कबरा बथान निवासी सूरजदेव भुइया ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि 22 जून की रात तिनकोनिया मोड़ के पास तीन युवकों ने मारपीट कर उनकी मोटरसाइकिल और मोबाइल लूट लिया था। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी ओमप्रकाश साह, पुलिस अवर निरीक्षक उदीप कुमार बाघवार, शिवशंकर प्रसाद तथा रामगढ़ थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## दिव्यांग बच्चों के बीच सहायक उपकरणों का वितरण, 20 लाभुक हुये लाभान्वित



**विश्रामपुर :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत अध्ययनरत तीन से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों के बीच उपकरण का वितरण किया गया। शुक्रवार को बीआरसी में आयोजित शिविर में पूर्व से चयनित 20 दिव्यांग बच्चों के बीच उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। शिविर का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उनकी शिक्षा को अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाना है। ताकि वे विद्यालय के गतिविधियों में सहजता से भाग ले सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। मौके पर जिला समावेशी शिक्षा प्रभारी मनोज मिश्रा, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, एएलआईएमसीओ (कानपुर) की टीम, विश्रामपुर के रिसोर्स शिक्षक श्याम सुंदर वर्मा, रिसोर्स शिक्षक प्रशांत कुमार चौबे, प्रखंड साधन सेवी नीरज कुमार चौबे सहित संबंधित विद्यालयों के शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में दिव्यांग बच्चे उपस्थित थे।

## धुरकी के मिरचैया गांव चलाया गया जनजागरूकता अभियान, थाना प्रभारी ने कहा

# नशे से दूर रहें, हेलमेट पहनें, अफवाहों से बचें

बंशीधर न्यूज



**धुरकी :** थाना क्षेत्र के मिरचैया गांव में शुक्रवार को थाना प्रभारी जनार्दन राउत के नेतृत्व में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को नशामुक्ति, साईबर अपराध, सड़क सुरक्षा तथा सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक कर सुरक्षित एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण के लिये प्रेरित करना था। मौके पर थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने कहा कि शराब और अन्य मादक पदार्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार और समाज को भी नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने लोगों से नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की अपील की। उन्होंने साईबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुये ग्रामीणों को ऑनलाईन ठगी से बचने के उपाय बताये। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाता, एटीएम, ओटीपी या अन्य गोपनीय जानकारी साझा नहीं करें। किसी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक पर विश्वास करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करें। साईबर ठगी की स्थिति में तत्काल पुलिस अथवा संबंधित हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। यातायात सुरक्षा पर जोर देते हुये थाना प्रभारी ने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क पर थोड़ी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। अभियान के दौरान डायन-भूत जैसी अंधविश्वासी मान्यताओं, दहेज प्रथा, बाल विवाह और अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी लोगों को जागरूक किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी अफवाह या अंधविश्वास पर विश्वास न करें और कानून का पालन करें।



## मूवी रिव्यू : दमदार एक्शन से भरपूर है 'अल्फा'

**कलाकार:** आलिया भट्ट, शरवरी, अनिल कपूर, बॉबी देओल, दिव्येंदु भट्टाचार्य, दीया मिर्जा, ऋतिक रोशन (कैमियो)
**निर्देशक:** शिव रवैल
**निर्माता:** आदित्य चोपड़ा
**शैली:** एक्शन, स्पाई, थ्रिलर

यशराज स्पाई यूनिवर्स की नई फिल्म 'अल्फा' लंबे समय से चर्चा में थी। टीजर और ट्रेलर के बाद फिल्म को लेकर काफी आलोचना भी हुई, लेकिन बड़े पर्दे पर यह उम्मीद से बेहतर साबित होती है। हालांकि फिल्म अपने भव्य एक्शन और दमदार स्टारकास्ट के बावजूद एक मजबूत कहानी का अभाव महसूस कराती है। आलिया भट्ट और शरवरी की मेहनत साफ दिखाई देती है, लेकिन कमजोर पटकथा फिल्म को पूरी तरह ऊंचाई तक नहीं पहुंचने देती।

### कहानी

फिल्म की शुरूआत करगिल युद्ध के दौर से होती है, जहां भारतीय सेना के दो अधिकारी एक खास मिशन पर काम कर रहे होते हैं। इसी दौरान एक गुप्त प्रोजेक्ट 'अल्फा' की शुरूआत होती है, जिसका उद्देश्य सैनिकों को विशेष सीरम के जरिए असाधारण ताकत देना है। परिस्थितियां बदलती हैं और यह सीरम एक नवजात बच्ची के जीवन से जुड़ जाता है। यही बच्ची आगे चलकर सीता (आलिया भट्ट) बनती है, जिसे बचपन से एक खुफिया एजेंट के रूप में तैयार किया जाता है। वर्षों बाद वह अपनी साथी दुर्गा (शरवरी) के साथ एक बड़े मिशन पर निकलती है, जहां उसे अपने अतीत और देश की सुरक्षा से जुड़े कई रहस्यों का सामना करना पड़ता है। कहानी में कई ट्विस्ट हैं, लेकिन अधिकांश घटनाएं पहले से अनुमानित लगती हैं।

### अभिनय

आलिया भट्ट ने एक्शन और इमोशनल दोनों दृश्यों में अच्छा काम किया है। उन्होंने साबित किया है कि वह एक्शन फिल्मों में भी मजबूत पकड़ रखती हैं। शरवरी का अभिनय भी प्रभावशाली है और उनके एक्शन सीक्वेंस फिल्म की बड़ी ताकत बनकर उभरते हैं। अनिल कपूर अपने अनुभव से किरदार में गंभीरता लाते हैं। बॉबी देओल की मौजूदगी प्रभावशाली जरूर है, लेकिन उनका किरदार जितना दमदार हो सकता था, उतना असर नहीं छोड़ पाता। दिव्येंदु शर्मा अपने सीमित स्क्रीन टाइम में भी प्रभावित करते हैं। वहीं ऋतिक रोशन का कैमियो दर्शकों के लिए सरप्राइज जरूर है, लेकिन उनका हिस्सा उम्मीद से छोटा और कम प्रभावी लगता है।

### निर्देशन

निर्देशक शिव रवैल ने फिल्म को तेज रफ्तार देने की कोशिश की है। उन्होंने अनावश्यक रोमांस और गीतों से बचते हुए कहानी को मिशन पर केंद्रित रखा है। फिल्म के एक्शन दृश्य, लोकेशन और तकनीकी पक्ष प्रभावित करते हैं। हालांकि पटकथा कई जगह कमजोर पड़ जाती है और कुछ घटनाएं अवास्तविक लगती हैं। खासकर क्लाइमैक्स में कुछ दृश्य जरूरत से ज्यादा सिनेमाई नजर आते हैं।

### फाइनल वर्डिक्ट

'अल्फा' एक स्टाइलिश स्पाई एक्शन फिल्म है, जिसमें शानदार विजुअल्स, दमदार एक्शन और आलिया भट्ट-शरवरी की मजबूत परफॉर्मेंस देखने को मिलती है। लेकिन कमजोर कहानी, अनुमानित ट्विस्ट और कुछ अविश्वसनीय दृश्य इसे यादगार बनने से रोक देते हैं। अगर आप यशराज स्पाई यूनिवर्स और बड़े पर्दे पर एक्शन फिल्मों के शौकीन हैं, तो यह फिल्म एक बार देखी जा सकती है, लेकिन बहुत ज्यादा उम्मीदें लेकर न जाएं।

## दमिश्क के कैफे में बम विस्फोट, नौ लोगों की मौत, 20 घायल



### विधायक अनंत के खिलाफ उनके भाई दीपक प्रताप देव ने फूंका विद्रोह का बिगुल

# 2029 में दो-दो हाथ करने का किया ऐलान

बंशीधर न्यूज




**श्री बंशीधर नगर :** झामुमो नेता सह भोजपुर गढ़ के प्रमुख दीपक प्रताप देव ने अपने भाई विधायक अनंत प्रताप देव के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंक दिया है। भोजपुर गढ़ स्थित अपने निवास पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने 2029 में अनंत से दो-दो हाथ करने का ऐलान किया। श्री देव के इस एलान के बाद भवनाथपुर विधानसभा में पिछले कुछ दिनों से जारी सियासी सस्पेंस आखिरकार खत्म हो गया। अपने हजारों समर्थकों की मौजूदगी में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्री देव ने साफ शब्दों में कहा कि वे वर्ष 2029 के विधानसभा चुनाव में अपने ही बड़े भाई और वर्तमान विधायक के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरेंगे। दीपक प्रताप देव की इस घोषणा ने क्षेत्र की राजनीति में हलचल तेज कर दी है। दीपक के इस फैसले के बाद उनके खेमे में उत्साह और जश्न का माहौल है। श्री देव के समर्थक पूरे जोश और आत्मविश्वास से लबरेज दिखाई दे रहे हैं। दीपक प्रताप ने अपने राजनीतिक भविष्य के विषय में एक सधे हुये राजनीतिज्ञ की तरह कहा कि वे झामुमो में हैं और झामुमो ही रहेंगे। उन्होंने विगत चुनाव में बड़े भाई अनंत प्रताप देव और झामुमो के पक्ष में वोट मांगा है। लोगों ने दिल खोलकर साथ दिया, लेकिन चुनाव जीतने के बाद विधायक द्वारा मेरे अनुरोध पर चुनाव में जी तोड़ मदद करने वाले को झामुमो का और दीपक देव का आदमी बताकर उन्हें नजरअंदाज किया जाने लगा, उनलोगों को हीन भावना से देखा जाता था। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ व्यक्तिगत पीड़ा नहीं, बल्कि क्षेत्र की मालिक जनता के मान सम्मान का सवाल है। जिन वादों को लेकर वोट मांगा उस पर कोई अमल नहीं हुआ। विधायक डेढ़ वर्षों में कोई भी विकास कार्य धरातल पर नहीं उतार सके। जिन्हें मेरा आदमी कह कर नजरअंदाज किया गया वे मेरे ह?दय में बसने वाले अभिभावक और भाई बहन हैं। एक भाई के लिये क्षेत्र के सारे अभिभावकों, भाईयों और बहनों की उपेक्षा सहन नहीं कर सकता। बड़े भाई के पास घुटना नहीं टेकेंगे। अब 2029 में चुनाव में फैसला होगा। उन्होंने कहा कि 25 साल से सार्वजनिक जीवन में बतौर कार्यकर्ता काम किया हूं। 2009 और 2024 में बड़े भाई अनंत प्रताप देव को जीताया। 2019 में उनके साथ चट्टान की तरह खड़े रहकर काम किया, पराजय को स्वीकारा। 2005 और 2014 में भानु प्रताप शाही को जीताया। लेकिन 25 साल में दोनों नेता क्षेत्र में बेरोजगारी, पलायन को रोकने में विफल रहे। क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभिभावकों, सभी भाई बहनों से राय मशविरा करने के बाद आज खुलकर सबके सामने आना पड़ा है। माहौल अब बदल गया है। चुनाव कैसे लड़ा जाता है इस बार दोनों को पता चलेगा। हम पार्टी की विचारधारा और सिद्धांत को लेकर क्षेत्र के लोगों के बीच घर-घर जाएंगे। विधायक अनंत प्रताप देव अब हमारे नेता नहीं सिर्फ बड़े भाई हैं, एक छोटे भाई के रूप में उनका सम्मान करेंगे, उन्हें प्रणाम करेंगे। लेकिन सियासी अखाड़े में अब कभी साथ नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि इस बार मुकाबला रोमांचक होगा। उन्होंने दो टूक कहा कि विधानसभा परिसीमन के बाद भी अनंत प्रताप देव जहां से चुनाव लड़ेंगे, वे उसी सीट से उनके खिलाफ चुनाव मैदान में उतरेंगे। श्री देव ने भावुक अंदाज में कहा कि उनके दिल में वर्षों का दर्द भरा हुआ है, जिसे अब वे जनता के सामने रख रहे हैं। बकौल दीपक प्रताप उन्हें बड़े भाई ताहिर अंसारी का आशीर्वाद मिलेगा और वे झामुमो के साथ मजबूती से जुड़े रहेंगे। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन के प्रति अपनी निष्ठा जताते हुये कहा की हेमंत सोरेन मेरे नेता हैं। मैं आंदोलन से निकली पार्टी के साथ था, हूं और रहूंगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अशोक जायसवाल, राकेश जायसवाल उर्फ बबलू जायसवाल, युवराज प्रताप देव, विशुनपुरा की प्रमुख दीपा कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में समर्थकों की उमड़ी भारी भीड़

**श्री बंशीधर नगर :** झामुमो के युवा नेता दीपक प्रताप देव के प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सभी समर्थक अपने नेता के संदेश को जानने के लिये सुबह से ही भोजपुर गढ़ पहुंचने लगे थे। दोपहर तक समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा। कार्यक्रम में पहुंचे समर्थकों ने दीपक प्रताप देव जिंदाबाद समेत कई गगनभेदी नारे लगा रहे थे। साथ ही सभी लोग अपने नेता के संदेश मिलने के इंतजार में नजर टिकाये बैठे थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आये सभी लोगों के बैठने एवं खाने पीने की व्यवस्था की गई थी।

## प्रतिभा सम्मान समारोह के लिये स्कूलों में आमंत्रण-पत्र वितरण शुरू



**रंका :** स्वर्गीय राजकुमारी विशाखा सिंह की स्मृति में आयोजित होने वाले राजकुमारी विशाखा सिंह स्मृति प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंचने लगी हैं। समारोह को सफल बनाने के लिये गठित विभिन्न टीमों ने अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को आयोजन समिति की टीम ने रंका प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का दौरा कर प्राचार्यों को आमंत्रण-पत्र सौंपा और मेधावी छात्र-छात्राओं का ऑनलाईन पंजीकरण कराया। समिति के सचिव युवराज गुलाब प्रताप सिंह, धीरज गुरुजी, राजेश चौधरी एवं अन्य सदस्यों ने विद्यालयों में पहुंचकर समारोह की रूपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने प्राचार्यों से कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया। साथ ही विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं का क्यूआर कोड के माध्यम से गूगल फॉर्म द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण भी कराया, ताकि अधिक से अधिक प्रतिभावान विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

## सहायक शिक्षक मिले दिवंगत शिक्षक के परिजनों से, दी आर्थिक सहायता



**कांडी :** प्रखंड के सहायक शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को मझिगावां पहुंचकर दिवंगत सहायक अध्यापक अमरेश कुमार चौबे के परिजनों से मिलकर दुख जताया तथा सांत्वना दी। प्रतिनिधि मंडल में शामिल शिक्षा संकुल कांडी, लामारी कला, समौरा, खरौंधा, शिवपुर एवं हरिहरपुर के सहायक अध्यापक, सहायक आचार्य एवं शिक्षकों ने दिवंगत शिक्षक की पत्नी जयाप्रदा कुमारी को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुये आपसी सहयोग से आर्थिक सहायता भी प्रदान की तथा कहा कि अमरेश कुमार चौबे का शिक्षा के प्रति समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना सदैव शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिये प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। उनके व्यक्तित्व और कार्यों को लंबे समय तक याद किया जायेगा। इस अवसर पर शिक्षक रामरंजन सिन्हा, राजेश कुमार दुबे, अवध बिहारी यादव, सतीश पांडेय, अरुण कुमार पाण्डेय, संतोष कुमार ठाकुर, उदय राम, आलोक रंजन चौबे एवं सुनील चौबे सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## भाजपा नेता कन्हैया चौबे ने राज्यपाल संतोष गंगवार से की मुलाकात

### जंगीपुर के आदिवासियों की जमीन को वापस कराने का किया अनुरोध



**श्री बंशीधर नगर :** भाजपा के वरिष्ठ नेता कन्हैया चौबे ने झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जंगीपुर के आदिवासियों की जमीन को भू माफियाओं से वापस कराने का अनुरोध किया है। महामहिम राज्यपाल से मुलाकात के दौरान कन्हैया चौबे ने आदिवासियों के जमीन से संबंधित कागजात, छोटानागपुर कमिश्नर का 1989 का आदेश भेंट किया। उन्होंने कहा कि फर्जी तरीके से आदिवासियों की जमीन को भू माफियाओं के द्वारा कब्जा कर लिया गया है। श्री चौबे ने महामहिम राज्यपाल से तुलसीदामर डोलोमाईट माइंस का लीज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से दिलवाने का निवदेन किया। ताकि मजदूरों की रोजी-रोटी चल सके। उन्होंने बताया कि माइंस के बंद होने के कारण मजदूर बेकार हो गये हैं उनके समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जनहित में माइंस को चालू कराना जरूरी है। उन्होंने क्षेत्र की समस्या एवं प्रशासनिक अनियमितता के बारे में भी चर्चा की।

### भवनाथपुर की राजनीति में जारी सियासी सस्पेंस खत्म

# दीपक के एलान ए जंग के बाद अटकलों पर विराम

नीलू चौबे

भवनाथपुर की राजनीति में पिछले कई दिनों से जारी सियासी सस्पेंस से आखिरकार पर्दा उठ गया। झामुमो के युवा नेता दीपक प्रताप देव ने स्पष्ट घोषणा कर दी है कि वे वर्ष 2029 के विधानसभा चुनाव में अपने बड़े भाई एवं वर्तमान विधायक अनंत प्रताप देव के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। इस ऐलान के साथ ही क्षेत्र में चल रही तमाम अटकलों पर विराम लग गया है। दीपक प्रताप देव के इस फैसले से भवनाथपुर विधानसभा की राजनीति में नई हलचल तेज हो गई है। पिछले दस दिनों से दीपक और उनके समर्थक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार खुलेंगे राज लिखकर पोस्ट कर रहे थे, जिससे क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई थीं। चाय पान की दुकानों से लेकर चौक-चौराहों तक यही चर्चा थी कि आखिर किस बड़े खुलासे की तैयारी चल रही है। प्रेस कांफ्रेंस में दीपक प्रताप देव ने सस्पेंस समाप्त करते हुये कहा कि वे 2029 का विधानसभा चुनाव झामुमो के टिकट पर लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि अनंत प्रताप देव उनके बड़े भाई और परिवार के अभिभावक हैं तथा व्यक्तिगत संबंध हमेशा पहले की तरह बने रहेंगे, लेकिन राजनीतिक रूप से अब उनकी राह अलग है। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई किसी व्यक्ति से नहीं, बल्कि विचारधारा की है और वे संगठन को मजबूत करने के लिये पूरी निष्ठा से काम करेंगे। दीपक ने यह भी स्पष्ट किया कि परिसीमन के बाद उनके बड़े भाई जिस विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे, वे भी उसी सीट से मैदान में उतरेंगे। करीब 23 वर्षों से क्षेत्रीय राजनीति में सक्रिय दीपक के इस ऐलान को भवनाथपुर की राजनीति में नये समीकरणों की शुरूआत माना जा रहा है। हालांकि चुनाव में अभी समय है, इसलिये आने वाले वर्षों में राजनीतिक परिस्थितियां किस दिशा में जाएंगी, इस पर सभी की नजर रहेगी।




प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)